# मुख्यमंत्री ने जी.एस.टी. बचत उत्सव के तहत लोगों को किया जागरूक

## जी.एस.टी. रिफॉर्म से रोटी, कपड़ा और मकान होंगे सस्ते, जनता को मिलेगी बड़ी राहत : भजनलाल शर्मा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) सरलीकरण तथा टैक्स स्लैब में परिवर्तन का निर्णय ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को त्योहारों के अवसर पर दी गई इस बड़ी सौगात से रोटी, कपड़ा और मकान सस्ते होंगे और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मानसरोवर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों एवं आमजन को जीएसटी बचत उत्सव के तहत जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जीएसटी बचत उत्सव से संबंधित स्टीकर्स लगाए तथा लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आमजन के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने जनता की परेशानी को समझते हुए 22 सितंबर से लागू नए जीएसटी स्लैब के माध्यम से मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी एवं उद्योगपतियों सहित सभी वर्गों को राहत दी हैं। जीएसटी के नए प्रावधानों के तहत अब अधिकांश वस्तुएं 4 की बजाय 2 टैक्स स्लैब के दायरे में आएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जीएसटी बचत उत्सव के तहत 22 से 29 सितंबर तक विशेष जन-जागरूकता अभियान चला रही है, जिसके तहत उपभोक्ताओं और व्यापारियों को जीएसटी सरलीकरण से होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी।




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मानसरोवर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों और आमजन को जीएसटी बचत उत्सव के प्रति जागरूक किया। उनके साथ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और ग्रेटर नगर निगम जयपुर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट भी मौजूद थे।**

- **मुख्यमंत्री ने स्वदेशी उत्पाद अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आव्हान् किया**

उन्होंने कहा कि आमजन और व्यापारी जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मनाएं तथा अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद अपनाएं।इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को जीएसटी के नए टैक्स स्लैब का सीधा लाभ मिलेगा।

इस अवसर परनगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, ग्रेटर नगर निगम उप-महापौर पुनीत कर्णावट सहित जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में व्यापारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# आचार्य बालकृष्ण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में पुन: शामिल

**हरिद्वार।** आचार्य बालकृष्ण को अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोध समूह और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित किया है। आचार्य बालकृष्ण की अनुसन्धानीय एवं आयुर्वेदिक कार्यों में गहन विशेषज्ञता एवं उनके गतिशील मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में किया गया है।

आचार्य के निर्देशन में पतंजलि द्वारा 100 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक औषधियों को विकसित किया है। योग और आयुर्वेद पर 120 से अधिक पुस्तकों और 25 से अधिक अप्रकाशित प्राचीन आयुर्वेद पांडुलिपियों का लेखन उनके आयुर्वेद के प्रति आस्था एवं समर्पण का परिणाम है। योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने न केवल आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ स्थापित किया है, बल्कि विश्वभर के शोधकर्ताओं के लिए आयुर्वेद में शोध के नए द्वार भी खोले है। विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में




सम्मिलित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और सनातन आयुर्वेदिक ज्ञान में अपार संभावनाएं छिपी हैं।

# मां करणी की कथा का आयोजन

**जयपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को सिरसी रोड स्थित केसर बाग मैरिज गार्डन में मां करणी की कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा की शुरुआत महंत करणी प्रताप सिंह आढ़ा और भजन प्रवाहक किन्नू बन्ना द्वारा विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी कथा स्थल पर पहुंचीं और मां करणी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आस्था, शक्ति और संस्कृति का प्रतीक है, जिसे पूरे भक्ति भाव से मनाना

- **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लिया आशीर्वाद**

चाहिए। दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि पर्व और त्योहार केवल परंपरा नहीं, संस्कारों और संस्कृति के संवाहक हैं।

हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को सनातन धर्म, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक करना होगा। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि देश में सकारात्मक बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा, अब हमें महंगाई का सामना नहीं करना पडेगा। महंगाई में कमी आने से गृहिणियों को बडी राहत मिली है। कार्यक्रम में चेयरमैन अजय सिंह चौहान, रामकिशोर प्रजापत, विजेंद्र सिंह पाल, गोविंद सिंह करीरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने भक्ति भाव से कथा श्रवण कर मां करणी से प्रदेश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का समापन भजन संध्या और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का सुंदर संगम बताया।

# अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों को मंत्रालयिक श्रेणी का मानते हुए नियुक्ति देने के आदेश

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों में काम कर रहे कर्मचारियों को मंत्रालयिक कैटेगरी का मानते हुए उन्हें कनिष्ठ लेखाकार भर्ती में इस वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ देते हुए नियुक्ति देने को कहा है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश विमल गुप्ता व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने साल 2022 में कनिष्ठ लेखाकार के पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसमें मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए 12.5 फीसदी पद आरक्षित रखे गए। याचिकाकर्ता अधीनस्थ अदालतों में मंत्रालयिक कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे हैं। उनके इस भर्ती में कट ऑफ से भी अधिक अंक आए हैं, लेकिन उन्हें मंत्रालयिक कर्मचारी कोटे में नहीं मानकर नियुक्ति से वंचित किया जा रहा है। इसलिए उन्हें इस कोटे का लाभ देते हुए नियुक्ति दी जाए। वहीं कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अधिवक्ता संदीप माहेश्वरी ने कहा कि भर्ती में कैटेगरी तय करना राज्य सरकार का काम है। संबंधित व्यक्ति किसी वर्ग में शामिल होगा, यह राज्य सरकार के स्तर पर तय किया जाता है और इसमें कर्मचारी चयन बोर्ड की कोई भूमिका नहीं है। वहीं याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता माही यादव ने कहा कि याचिकाकर्ता अधीनस्थ अदालत के कर्मचारी है और मंत्रालयिक कोटे की श्रेणी में नहीं आते हैं। ऐसे में उन्हें इस कोटे के तहत आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने माना की अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारी भी मंत्रालयिक कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में उन्हें भर्ती में इस कोटे के तहत आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने "नमो युवा रन" में दिखाया जोश

**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में भाजयुमो द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को 'नमो युवा रन - नशा मुक्त भारत के लिए' कार्यक्रम का आयोजन भांकरोटा में किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर के अंतर्गत भांकरोटा मंडल में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से युवाओं ने नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक एवं भाजयुमो जयपुर शहर उपाध्यक्ष रमेश भीवाल नेदी।

# जीएसटी रिफॉर्म से प्रधानमंत्री ने दिया दीपावली का तोहफा : सतीश पूनियां

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित "नमो प्रदर्शनी" का भाजपा हरियाणा प्रभारी तथा राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जवाहर कला केंद्र जयपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अवलोकन किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित फ़िल्म देखी, जिसको आमजन तक पहुंचाने की उन्होंने अपील की।

पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार हैं, मोदी ने 11 वर्षों में विकसित भारत बनाने के लिये देश के सभी सेक्टर और सभी वर्गों को मजबूती देने का काम किया है। जीएसटी रिफॉर्म से प्रधानमंत्री ने देश को दीपावली का तोहफा स्वदेशी दिया है। आज आधुनिक हथियारों और मिसाइलों के निर्माण से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन, उज्ज्वला, स्टार्टअप इत्यादि तमाम योजनाओं से भारत का बुनियादी विकास हुआ है और अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के निर्माण से पूरी दुनिया में भारत और सनातन का स्वाभिमान बढ़ा है।



**हरियाणा भाजपा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने सोमवार को जवाहर कला केन्द्र जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।**

पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महान

- **'नमो प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री मोदी के परिश्रम की कहानी बताती है और नई पीढ़ी को प्रेरणा देती है'**

व्यक्तित्व एवं जीवन को आम जनमानस और युवा पीढ़ी को चित्रित करके पहुंचाया जाये, इसके लिए पार्टी की अभिनव पहल है नमो प्रदर्शनी, जिसके माध्यम से नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को जन-जन तक पहुंचाने का अनूठा कार्य किया जा रहा है, इसको लेकर भाजपा राजस्थान प्रदेश इकाई द्वारा जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित यह प्रदर्शनी नरेंद्र मोदी के विचारों, उनके विजन और विकास कार्यों को लेकर दर्शायी गई है। नमो प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री मोदी के परिश्रम की कहानी बताती है और नई पीढ़ी को प्रेरणा देती है।

# माध्यमिक शिक्षा निदेशक को अवमानना नोटिस

**जयपुर,** । राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रिंसिपल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने के आदेश की पालना नहीं करने पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश महेंद्र तिवाडी की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता जयपुर जिले की कोटखावदा स्कूल से प्रिंसिपल पद पर से सितंबर 2022 में रिटायर हुआ था। इस दौरान शैक्षिणक सत्र 2018-19 में स्कूल का परीक्षा परिणाम तय मापदंड से कम रहने पर 2021 में उसे नोटिस दिया। वहीं बाद में उसे 17 सीसीए का नोटिस दिया और उसके जवाब पर ध्यान दिए बिना ही निदेशक ने जुलाई 2021 में दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी कर

- **अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती**

उसे दंडित कर दिया। इसकी अपील उसने शिक्षा सचिव के यहां पर की। जिस पर मार्च 2024 में शिक्षा सचिव ने उसकी अपील को आंशिक मंजूर करते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के लिए कहा। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि स्कूल के सीनियर टीचर्स का गणित व अंग्रेजी का परीक्षा परिणाम कम आया था, लेकिन कार्रवाई याचिकाकर्ता पर हुई है, जबकि उसके स्कूल का परीक्षा परिणाम सदैव उत्कृष्ट रहा है। केवल एक साल का कम परिणाम आने पर ही उसे दंडित नहीं कर सकते। उसने सिलेबस पूरा करवा कर छात्रों को पूरी साल पढ़ाए जाने का प्रयास किया।

# 'भूतपूर्व सैनिक कोटे का लाभ लेने के बाद पुन: नहीं लिया जा सकता फायदा'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि सरकारी सेवा में एक बार भूतपूर्व सैनिक कैटेगरी का लाभ लेने के बाद दूसरी बार यह कहते हुए इस कैटेगरी का फायदा नहीं लिया जा सकता कि वह परिवीक्षा अवधि में चल रहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश नरेन्द्र सिंह की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने जूनियर अकाउंटेंट भर्ती में भूतपूर्व सैनिक कोटे में भाग लिया था। उसके इस वर्ग की कट ऑफ से अधिक अंक आए थे। वहीं उसे यह कहते हुए नियुक्ति से वंचित कर दिया कि भूतपूर्व सैनिक कोटे के तहत वीडीओ पद पर लगा हुआ है। जबकि वह इस पद पर दो साल के लिए परिवीक्षा पर है। ऐसे में बतौर अस्थाई कर्मचारी, वह जूनियर अकाउंटेंट भर्ती में भूतपूर्व सैनिक कोटे का लाभ लेने का अधिकारी है। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता संदीप माहेश्वरी ने कहा कि याचिकाकर्ता नियमित भर्ती में चयनित होकर वीडीओ के स्थाई पद पर नियुक्त हुआ था। ऐसे में केवल परिवीक्षा के आधार पर उसे अस्थाई कर्मचारी नहीं कहा जा सकता। जब कोई भूतपूर्व सैनिक नियमित रोजगार प्राप्त कर लेता है तो वह इस श्रेणी के तहत आगे आरक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं रहता है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि परिवीक्षा अस्थाई नियुक्ति के समान नहीं है और इससे उसकी नियुक्ति का कानूनी स्वरूप नहीं बदलता है।

## दो मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार, 9 फोन जब्त

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया हैं। साथ ही पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के पास से लूटे गए नौ मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये लोग भीड़भाड़ वाली जगहों पर राहगीरों के साथ उलझते है, जिससे राहगीर आरोपियों के साथ उलझता जिस का फायदा उठा कर ये उसका मोबाइल फोन लूट कर फरार हो जाते थे।

# मुख्यमंत्री ने महारानी फार्म पुलिया के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया

## आमजन को वर्षाकाल में आवागमन में होगी सुविधा : भजनलाल शर्मा

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मानसरोवर क्षेत्र में महारानी फार्म-मानसरोवर लिंक ब्रिज के नवीनीकरण कार्य का फीता खोलकर लोकार्पण किया। लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुलिया के नवीन निर्माण कार्य के अंतर्गत बॉक्स कल्वर्ट पद्धति से इसकी ऊंचाई 2 मीटर तक बढ़ाई गई है। इससे वर्षाकाल में पुलिया पर द्रव्यवती नदी के जल का बहाव नहीं होने से पुलिया पर यातायात सुचारू होगा तथा आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि दुर्गापुरा टोंक रोड क्षेत्र को मानसरोवर से जोड़ने वाली यह पुलिया महारानी फार्म एवं अग्रवाल फार्म के मध्य द्रव्यवती नदी पर स्थित है। पूर्व में इस पुलिया की ऊंचाई कम होने के कारण वर्षाकाल में नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहकर निकलता था, जिससे यातायात अवरूद्ध हो जाता था। आमजन को इससे होने वाली परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, नगर-निगम ग्रेटर उप-महापौर पुनीत कर्णावट सहित जेडीए एवं संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मानसरोवर क्षेत्र में महारानी फार्म-मानसरोवर लिंक ब्रिज के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया।**

# नवरात्र स्थापना पर शिला माता के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़

## सिटी पैलेस से आई परंपरागत पोशाक माता माता रानी को धारण करवाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** शारदीय नवरात्रों की शुरुआत सोमवार को भक्तिभाव से हुई। सोमवार अल सुबह से ही भक्त शिला माता के दर्शन करने के लिए आमेर पहुंचे और लंबी कतार में लग कर माता रानी के दर्शनों का इंतजार करते नजर आए। आमेर दुर्ग स्थित प्रसिद्ध शिला माता मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जिससे मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। कई भक्त दंडवत प्रणाम करते हुए माता के दरबार तक पहुंचे। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से भी भक्तों ने इस अवसर पर भाग लिया। जो मंदिर की लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है।

मंदिर महंत बनवारी लाल शर्मा (शास्त्री) ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजकर 25 मिनट पर मंदिर परिसर में घट स्थापना की गई। जिसके बाद साढ़े 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोले गए। भक्तों के लिए दर्शन का समय सुबह साढ़े 7 से साढ़े 12 बजे और शाम साढ़े 4 से साढ़े 8 बजे तक रहेगा। वहीं गर्भगृह के सामने वैदिक मंत्रों और तांत्रिक विधि से पूजा करने के बाद मंदिर के पट भक्तों के दर्शनों के लिए खोला गया।



**शारदीय नवरात्र की घट स्थापना पर सोमवार को आमेर किले स्थित शिला माता मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।**

मंदिर महंत ने बताया कि शारदीय नवरात्रों में प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में दुर्गा सप्तशती के पाठ ,हवन,पुष्प श्रृंगार और

- **आमेर में छठ को भरेगा विशाल मेला, हजारों श्रद्धालु उमडेंगे**

फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी। इसके अलावा 10 महाविद्याओं के स्तोत्र पाठ,मंत्र जाप और कन्या बटुक पूजन किया जाएगा।

शारदीय नवरात्रों में प्रतिदिन माता रानी को बाल भोग,राजभोग और सायंकालीन भोग अर्पण किया जाएगा। शारदीय नवरात्रों में सिटी पैलेस से आने वाली परंपरागत पोशाक माता रानी को धारण कराई गई। इसी के साथ माता शिला का भव्य श्रृंगार किया गया।

बताया जा रहा है कि साल में दो बार नवरात्रे आते है और छठ तिथि को आमेर में विशाल मेले का आयोजन होता है। जिसमें दूर-दराज से भी श्रद्धालु आते है। इस बार 28 सितम्बर छठ तिथि को आमेर में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।

सोमवार को पहले नवरात्रों में दूर -दूर से श्रद्धालु शिला माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। कुछ श्रद्धालु दड़वत करते माता रानी के समक्ष पेश हुए। दडवत करने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रशासन ने अलग से ही पक्ति लगाई । ताकी दड़वत करने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। वहीं बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने भक्तों की छाया के लिए काफी उत्तम व्यवस्था की। इसी के पानी की भी व्यवस्था की

शारदीय नवरात्रों में आमेर की शिला माता के अलावा दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता मंदिर,राजा पार्क के पंचवटी सर्किल पर माता वैष्णो देवी मंदिर ,झालानी स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में भी धूमधाम से घट स्थापना की गई। ज्योतिषाचार्य पं. दामोदर प्रसाद शर्मा के अनुसार दस दिनों में आठ दिन रवियोग, गजकेसरी और सर्वार्थ सिद्धि का संयोग रहेगा।

# महिलाओं के गले से चेन तोड़ने वाली शातिर महिला गिरफ्तार

**जयपुर** । गोविंददेवजी मंदिर में सोमवार को महिलाओं के गले से सोने की चेन तोड़ने वाली शातिर महिला को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने बावरियां गैंग की इस महिला से लूट की दो चेन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित महिला ने गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि माणक चौक थाना इलाके में स्थित गोविंद देव जी मंदिर में महिलाओं के गले से सोने की चेन जोड़ने वाली शातिर महिला साहिबा उर्फ राखी पत्नि राहुल उर्फ निवासी- भरतपुर हाल खाना बदोस जवाहर सर्किल जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपित महिला से पास से दो सोने की चेन बरामद की। आरोपित साहिबा उर्फ राखी मंदिरो मे आने वाली महिला दर्शनार्थियों की भीड़ मे शामिल होकर महिला श्रद्धालुओं द्वारा पहने हुए गले की चैन पर नजर रखकर मौका मिलते ही भीड़ का फायदा उठाकर उनके चैन चोरी कर लेती है तथा तुरंत वहां से निकल कर अपने ठिकाने पर ना जाकर अलग अलग जगह पर शरण लेती है।

## पडौसी ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर** । मुहाना इलाके में एक विवाहिता से पडौसी ने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी की धमकी से परेशान होकर विवाहिता ने मामले की जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी। जिसके बाद परिजनों ने विवाहिता को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी गुर भूपेंद्र ने बताया कि 20 वर्षीय विवाहिता का आरोप है कि 5 सितम्बर को वो घर पर अकेली थी।